भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

विषय: एसीआई-एएसक्यू सर्वेक्षण के अनुसार जयपुर को ''विश्व में सर्वश्रेष्ठ हवाईअड्डा'' का दर्जा एवं श्रीनगर को द्वितीय स्तर का दर्जा प्रदान किया गया ।

नई दिल्ली, 07 मार्च, 2017: भाविप्रा के अपने हवाईअड्डों पर सेवाओं तथा यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासों ने इसे विश्व में सर्वश्रेष्ठ सेवा प्रदाता के बीच रखा है । भाविप्रा के दो हवाईअड्डों को विश्व में प्रति वर्ष 2 से 5 मिलियन यात्रियों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ हवाईअड्डों में स्थान दिया गया है ।

एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल, हवाईअड्डा ऑपरेटरों का एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के परिणामों पर आधारित हवाईअड्डे सेवा की गुणवत्ता पर (एएसक्यू), जयपुर एवं श्रीनगर हवाईअड्डों को प्रतिवर्ष 2 से 5 मिलियन यात्रियों की श्रेणी में क्षेत्र और आकार'' के आधार पर विश्व में क्रमश: पहला और दूसरा स्थान दिया गया है ।

जयपुर हवाईअड्डे को प्रतिवर्ष 2 से 5 मिलियन यात्रियों की यातायात मात्रा में ''आकार और क्षेत्र द्वारा सर्वश्रेष्ठ हवाईअड्डे की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ हवाईअड्डे का दर्जा दिया गया है ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:
महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787
सं. 74/2016-17

जयपुर हवाईअड्डा

श्रीनगर हवाईअड्डा